Amar Ujala Dt: 25/11/2026

एसओएस परीक्षाओं का परिणाम जल्द होगा घोषित : डॉ. राजेश

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय (एचपीएसओएस) के तहत सितंबर 2026 में आयोजित आठवीं, दसवीं और जमा दो कक्षाओं की परीक्षाओं का परिणाम शीघ्र घोषित किया जाएगा। यह जानकारी मंगलवार को बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने दी।

उन्होंने कहा कि परीक्षा परिणाम घोषित करने से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां और औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। परिणाम को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया भी पूर्ण हो चुकी है। बोर्ड की ओर से विद्यार्थियों को बिना किसी अनावश्यक देरी के परीक्षा परिणाम उपलब्ध करवाने के लिए सभी प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया गया है।

डॉ. शर्मा ने कहा कि बोर्ड का प्रयास है कि विद्यार्थियों को समयबद्ध तरीके से परिणाम उपलब्ध करवाया जाए। संवाद

दिव्य हिमाचल E-Paper
देवभूमि का नंबर वन लोकप्रिय मीडिया

एसओएस परीक्षाओं का परिणाम जल्द

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय (एसओएस) के तहत सितंबर 2026 में आयोजित आठवीं, दसवीं और जमा दो कक्षाओं की परीक्षाओं का परिणाम शीघ्र घोषित किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा परिणाम घोषित करने से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां और औपचारिकताएं पूरी कर ली गई हैं। परिणाम को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया भी पूर्ण हो चुकी है। ने के उपरांत विद्यार्थी स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना परीक्षा परिणाम देख सकेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को परिणाम और इससे संबंधित नवीनतम अपडेट के लिए बोर्ड की वेबसाइट पर नजर बनाए रखने की सलाह दी।

Dainik Jagran Dt: 25/11/2026

शीघ्र घोषित होगा एचपीएसओएस परीक्षाओं का परिणाम

जागरण संवाददाता, धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय के अंतर्गत सितंबर में आयोजित आठवीं, दसवीं व जमा दो कक्षाओं की परीक्षाओं का परिणाम शीघ्र ही घोषित किया जाएगा। परीक्षा परिणाम घोषित करने से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां एवं औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं तथा परिणाम को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है।

डा. शर्मा ने कहा कि बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम तैयार करने एवं इससे जुड़ी अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया गया है। बोर्ड का प्रयास है कि विद्यार्थियों को समयबद्ध तरीके से परिणाम उपलब्ध करवाया जाए।


उन्होंने बताया कि परिणाम घोषित होने के उपरांत प्रदेश के विद्यार्थी हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर अपना परीक्षा परिणाम देख सकेंगे।

डिजिटल अख़बार
पहली नजर
सबसे पहले, सबसे तेज
पहली नज़र
आज की ताजा ख़बर देखते रहिए
डिजिटल न्यूज पेपर पहली नजर के साथ
24 नवंबर, 2026 www.pehalinazar.com pehalinazarhp@gmail.com

एचपीएसओएस सितंबर 2026 की परीक्षाओं का परिणाम शीघ्र होगा घोषित : डॉ. राजेश शर्मा

पहली नजर ब्यूरो, धर्मशाला

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य मुक्त विद्यालय के अंतर्गत सितंबर, 2026 में आयोजित आठवीं, दसवीं एवं जमा दो कक्षाओं की परीक्षाओं का परिणाम शीघ्र ही घोषित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा परिणाम घोषित करने से संबंधित सभी आवश्यक तैयारियां एवं औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं तथा परिणाम को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है।



डॉ. शर्मा ने कहा कि बोर्ड द्वारा परीक्षा परिणाम तैयार करने एवं इससे जुड़ी अन्य आवश्यक प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया गया है, ताकि विद्यार्थियों को बिना किसी अनावश्यक विलंब के उनका परीक्षा परिणाम उपलब्ध करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि बोर्ड का प्रयास है कि विद्यार्थियों को समयबद्ध तरीके से परिणाम उपलब्ध करवाया जाए, जिससे वे अपनी आगामी शैक्षणिक गतिविधियों एवं प्रवेश संबंधी प्रक्रियाओं को समय पर आगे बढ़ा सकें।

बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर नियमित रूप से बनाए रखें नजर

उन्होंने आगे बताया कि परिणाम घोषित होने के उपरांत विद्यार्थी हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर अपना परीक्षा परिणाम देख सकेंगे। विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि वे परीक्षा परिणाम से संबंधित नवीनतम जानकारी एवं अपडेट के लिए बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर नियमित रूप से नजर बनाए रखें।

NOVEMBER 25, WEDNESDAY HIMACHAL PRADESH

The Sunny Times

HPSOS SEPTEMBER 2026 EXAM RESULTS READY TO DROP SOON

The Sunny Times | Dharamshala|

The wait is almost over for thousands of students across the state. Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) Chairman Dr. Rajesh Sharma has announced that the results for the Himachal Pradesh State Open School (HPSOS) September 2026 examinations will be declared very soon.

The upcoming announcement covers students who appeared for the Class 8, Class 10, and Class 12 exams. According to Dr. Sharma, the board has wrapped up all necessary paperwork and finalized the evaluation process, putting the results on the fast track for release.

Emphasizing speed and efficiency, the Chairman stated that the board prioritized the compilation of these scores to ensure students do not face unnecessary delays. Delivering the results on schedule remains a top goal so that candidates can smoothly move forward with their upcoming academic plans and college admissions without missing a beat.

Once officially released, students can check and download their scorecards directly from the board's official website at www.hpbose.org. Officials have advised candidates to keep a close eye on the portal for the latest updates and exact release announcements.

